हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 9 अगस्त 2025

06 रक्षाबंधन आज: बहनें अपने भाई की कलाई पर...

07 बहन और भाई का रिश्ता सबसे पवित्र, यह रिश्ता...




## खबर संक्षेप

### 31 अगस्त तक ई-केवायसी कराएं

**सीहोर।** जिले के समस्त पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का ई-केवायसी सत्यापन पूर्ण किया जाना अनिवार्य किया गया है। वर्तमान में जिले में 4974 हितग्राहियों का ई-केवायसी लंबित है। इस संबंध में कलेक्टर बालापगुरू के. ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये है कि 31 अगस्त तक पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का ई-केवायसी सत्यापन पूर्ण किया जाये। इस संबंध में इस संबंध में शासन के सामाजिक न्याय एव दिव्यागजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा भी पूर्व में अभियान चलाकर ई-केवायसी कराये जाने के निर्देश प्रसारित किये जा चुके है। शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने तथा अपात्र हितग्राहियों को हटाने के लिए समस्त हितग्राहियों का ई-केवायसी होना अनिवार्य हैं। ऐसी स्थिति में शासन द्वारा यह निर्णय लिया है कि अभियान चलाकर शेष हितग्राहियों को ई-केवायसी दिनाक 31 अगस्त तक कराये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करे। साथ ही समस्त हितग्राहियों को अवगत कराया जाये कि 31 अगस्त तक ई-केवायसी नहीं कराया जाता है तो पेशन होल्ड कर दी जायेगी। जिले में पेंशन योजना में शेष 4974 पेंशन योजनाओं में हितग्राहियों की ई-केवायसी किया जाना शेष है। कलेक्टर बालेगुरू के. ने निर्देश दिये है कि इस आशय का व्यापक प्रचार-प्रसार शहरी/ग्रामीण क्षेत्रो में कराया जाकर समय-सीमा में ई-केवायसी कराना सुनिश्चित करे।

### 14 तक होगा अतिरिक्त सीएलसी चरण

**सीहोर।** उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के शासकीय, अनुदान प्राप्त अशासकीय और निजी अशासकीय महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिये अतिरिक्त सी.एल.सी चरण की तिथि में वृद्धि की है। अब 14 अगस्त तक अतिरिक्त सीएलसी चरण जारी रहेगा, पूर्व में यह तिथि 31 जुलाई निर्धारित थी।

### 520 बच्चों का किया गया टीकाकरण

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस के तहत जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया। जिले में 08 अगस्त को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 311 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 209 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 43 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर बच्चों के टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है।

### देश भर से आए श्रद्धालुओं के परिजन अपनों को खोजने के लिए हो रहे परेशान, सोशल मीडिया का ले रहे सहारा

# कुबेरेश्वर धामः थमा मौतों का सिलसिला, नहीं मिले लापता लोग, कांवड़ यात्रा में आए 10 लोग लापता

### लोकल के सामाजिक कार्यकर्ताओं से सोशल मीडिया के माध्यम से ले रहे मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की अगुवाई में 6 अगस्त बुधवार को भव्य कांवड़ यात्रा निकली। कांवड़ यात्रा में सम्मिलित होने के लिए देश के अनेक राज्यों से श्रद्धालु पहुंचे। अनुमान लगाया जा रहा है कांवड़ यात्रा में दो लाख से ज्यादा श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान शहर में धर्ममय माहौल रहा, लेकिन अव्यवस्थाओं की वजह से यह आयोजन चर्चाओं में भी खूब रहा। आयोजन के दौरान अब तक अन्य प्रदेशों के 7 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। मंगलवार से लेकर गुरुवार तक लगातार तीन दिन मौतों का सिलसिला जारी रहा। इधर शुक्रवार को मौतों का सिलसिला थाम तो लापता लोगों की सूचनाएं शहरवासियों को मन में पीड़ा दे रही है।

बता दें कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की अगुवाई में साल 2022 से कांवड़ यात्रा निकाली जा रही है। साल दर साल कांवड़ यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा होता जा है। इस वर्ष यात्रा का चौथा वर्ष था। पंडित प्रदीप मिश्रा ने देशभर में आयोजित कथाओं के दौरान श्रद्धालुओं से कांवड़ यात्रा में सम्मिलित होने का आव्हान किया था, नतीजतन पं. मिश्रा के आव्हान पर देश भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु



यात्रा में सम्मिलित हुए। अनुमानित श्रद्धालुओं की यह संख्या 200 लाख से पार बताई जा रही है।

#### बना श्रद्धामय माहौल

पं. प्रदीप मिश्रा के आव्हान के चलते शहर में सावन मास के पहले ही दिन से धर्ममय माहौल है। पं. प्रदीप मिश्रा ने तो एक ही दिन 6 अगस्त को कांवड़ यात्रा में सम्मिलित होने का आव्हान श्रद्धालुओं से किया था, लेकिन देखने में आ रहा था कि सावन के पहले ही दिन से श्रद्धालु देश के कोने-कोने से सीहोर आ रहे थे और सीवन नदी तट से जलकर भरकर पैदल चलकर कुबेरेश्वर धाम पहुंच रहे थे। इस तरह के माहौल से यह शहर शिवनगरी से कम नजर नहीं आ रहा था।

#### मौतों ने पहुंचाया दुख

आयोजन में दुखद बात यह रही कि महज 3 दिन में ही सात श्रद्धालुओं की मौत हुई है। कांवड़ यात्रा के एक दिन पहले मंगलवार को 2 लोगों की मौत हुई, जबकि बुधवार को 3 और गुरुवार को 2 लोगों की मौत हुई। अब तक उत्तर प्रदेश के गोरखपुर तहसील पिपराइच बड़ा टोला निवासी 22 वर्षीय उपेन्द्र गुप्ता पिता प्रेम गुप्ता, 40 वर्षीय अनिल पिता महावर निवासी ग्राम खेड़ाकलां दिल्ली, संगीता गुप्ता (48) और जसवंती बहन (56), श्रद्धालु चतुर सिंह (50) और ईश्वर सिंह (65) सहित 7 लोगों की मौत हुई। अच्छी बात यह रही कि शुक्रवार को इस तरह की दुखद खबर सुनने को नहीं मिली।

#### मिसिंग का सिलसिला बरकरार

अच्छी बात यह है कि तीन दिन से जारी मौतों का सिलसिला शुक्रवार को थमा रहा, शुक्रवार को दुखद खबर सुनने को नहीं मिली, लेकिन मिसिंग का सिलसिला बरकरार है। यहां आए लोग अपने परिजनों से बिछड़ गए हैं। बाहर के लोग यहां लोकल समाजसेवियों के माध्यम से सोशल मीडिया के माध्यम से अपनों को ढूंढने का प्रयास कर रहे हैं। एक सामाजिक कार्यकर्ता के सोशल मीडिया के फेसबुक पेज पर 24 घंटे में 10 लोगों की मिसिंग की जानकारी पोस्ट की गई है।

#### गुरुवार शाम 4 बजे से शुक्रवार शाम 4 बजे तक

- मधु पांडे, निवासी दिल्ली।
- निर्दली देवी पति रामशिरोमणि निवासी ग्राम बहुता चकडाही, तहसील सुरियावां, जिला भदोही उत्तर प्रदेश
- पूनम पाण्डेय पति उपेन्द्र पाण्डेय, निवासी भागलपुर बिहार (आधार नं. 790303584030)
- रायगढ़ छत्तीसगढ़ निवासी रम्भा भट्ट की 14 भांजी लापता।
- केसर यादव उम्र 62 साल, निवासी अम्बाला केंट हरियाणा।
- उषा देवी उम्र 55 साल, निवासी फुलवारी शरीफ पटना बिहार।
- चंचल, उम्र 23 साल, 6 अगस्त से ही कुबेरेश्वर धाम से लापता।
- सुनीता बुचाले, निवासी परभणी क्रांतिनगर गंगाखेड़ रोड जिला परभणी.
- किसना बाई गाडगे, निवासी परभणी क्रांतिनगर गंगाखेड़ रोड जिला परभणी।
- शांताबाई भोसले, निवासी क्रांतिनगर गंगाखेड़ रोड जिला परभणी.

#### इस तरह चल रही सोशल मीडिया पर गुमशुदा लोगों की तलाश

9h ·

इनके पति केसर यादव, उम्र 62 निवासी अम्बाला केंट हरियाणा कुबेरेश्वर धाम आए थे, दो दिन से लापता हैं।

सम्पर्क - 7206779692



कल दिनांक 06-08-2025 को सीहोर कुंबेश्वर धाम से गायब है बेटी दामाद सीहोर में ममता पैलेस में रूके है। ... See more




## नई डिजाइन की राखियां बहनों की पहली पसंदः 10 से 300 रुपए तक की राखी उपलब्ध, ट्रैफिक व्यवस्था सामान्य

**सीहोर।** रक्षाबंधन की तैयारियां जोरों पर हैं। शहर के अलग-अलग जगहों पर राखी की दुकानें सज गई हैं। बड़ी संख्या में बहनें राखी खरीदने पहुंच रही हैं। ज्योतिषाचार्य पंडित गणेश शर्मा के अनुसार इस त्योहार पर बहनें अपने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती हैं। वे भाई की लंबी उम्र और खुशहाली की कामना करती हैं। भाई अपनी बहन को रक्षा का वचन देता है।

**भद्रा काल 9 अगस्त की सुबह 1:52 तक रहेगा :** इस साल रक्षाबंधन 9 अगस्त, शनिवार को मनाया जाएगा। पूर्णिमा तिथि 8 अगस्त की दोपहर 2:12 पर शुरू होगी। ये अगले दिन 1:21 पर समाप्त होगी। रक्षाबंधन उदया तिथि के अनुसार मनाया जाता है। इसलिए इस साल यह 9 अगस्त को है। इस बार रक्षाबंधन पर भद्रा का साया नहीं रहेगा। भद्रा काल 8 अगस्त की दोपहर 2:12 से 9 अगस्त की सुबह 1:52 तक रहेगा। रक्षाबंधन 9 अगस्त को है। इसलिए बहनें बिना किसी चिंता के भाई को राखी बांध सकेंगी।

**अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12 से 12:53 के बीच :** कई बहनें इस दिन व्रत भी रखती हैं। वे कुछ खाने के बाद ही भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं। इस साल राखी बांधने का शुभ मुहूर्त



सुबह 5:35 से दोपहर 1:24 तक है। विशेष रूप से अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12 से 12:53 के बीच है। इस समय राखी बांधना और भी शुभ माना गया है।

**बाजार में 10 रुपए से 300 रुपए तक की राखियां उपलब्ध :** राखी विक्रेता मोहित अरोरा के अनुसार एडी की राखी 200, कोरियर की 100, एडी टच 200, नार्मल 60, खाटू श्याम 70, भैया भाभी की 350, रेशम के धागे 30 रुपए के बारह, कीरिंग वाली 150 रुपए में बिक रही हैं। रुद्राक्ष, महादेव त्रिशूल और गणेशजी की राखी 40 रुपए में खूब पसंद की जा रही हैं।

किड्स राखी भी बच्चों को आकर्षित कर रही है। नवीन डिजाइनों की राखियां ज्यादा पसंद की जा रही हैं। राखी की दुकानें बाजार की स्थाई दुकानों में ही लगी हैं, इसलिए ट्रैफिक व्यवस्था सामान्य है।

## मुंगावली गांव में स्कूल वाहन पलटा, तीन स्टूडेंट्स घायल, स्कूल प्रबंधन का दिखा लापरवाहीपूर्ण रवैया

**सीहोर।** जिले के जमुनिया में स्थित फयूचर एकेडमी स्कूल की एक स्कूल वाहन के पलट जाने से बड़ा हादसा होते-होते बच गया। स्कूल वाहन में सवार बच्चों को मामूली चोटें आई हैं। यह घटना मुंगावली के पास हुई, जिसने स्कूल प्रशासन की लापरवाही और खटारा वाहनों के संचालन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

ग्रामीणों के अनुसार हादसा एक बार नहीं, बल्कि दो बार हुआ। पहले खराब सडक़ के कारण बस रास्ते से उतर गई थी। इसके बाद बच्चों को दूसरी बस में बैठाया गया, लेकिन वह दूसरी बस भी कुछ दूर जाकर पलट गई। इस लापरवाही से बच्चों



की जान खतरे में पड़ गई थी। घटना ने प्रशासन की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा दिया है कि ऐसे खस्ताहाल वाहन सडक़ों पर कैसे चल रहे हैं। क्यों नहीं इन निजी स्कूलों और उनके वाहनों की नियमित जांच की जाती है। हैरानी की बात तो यह है कि हादसे के बाद भी स्कूल का कोई स्टाफ मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे उनके गैर.जिम्मेदार रवैये का पता चलता है।

## कोतवाली आवासीय परिसर सीहोर स्थित प्राचीन पंचमुखी हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार



**सीहोर।** शुक्रवार को संत दुर्गा प्रसाद कटारे बाबा के संरक्षण में सीहोर शहर के वरिष्ठ समाज सेवी अखिलेश राय एवं रूद्रप्रकाश राठौर के सहयोग से मंदिर की छत निर्माण का कार्य कराया गया है। मंदिर जीर्णोद्धार के अगले क्रम में आगामी कार्य हेतु आप सभी नगर वासियों एवं धर्म प्रेमियों से सहयोग की अपेक्षा है। संत कटारे बाबा ने कहाकि शहर में अनेक मंदिर के जीर्णोंद्धार के कार्य जनसहयोग से तेजी से कराए जा रहे है। कोतवाली आवासीय परिसर में प्राचीन पंचमुखी हनुमान मंदिर का जीर्णोंद्धार का कार्य पूर्ण होने वाला है। संत श्री कटारे बाबा ने यहां पर उपस्थित श्रद्धालुओं से भगवान श्रीराम के भक्त हनुमान के विषय में चर्चा करते हुए कहाकि हनुमान जी को भगवान श्री राम के परम भक्त के रूप में जाने जाते हैं। कहा जाता है कि हनुमान जी का नाम सुनते ही सभी प्रकार के दुःख, दर्द स्वयं ही दूर हो जाते हैं। ऐसे में आज हम आपको हनुमान जी के पंचमुखी अवतार के पांच मुखों का महत्व बताने जा रहे हैं। हनुमान जी की इन पांच अंको की दिशा अलग-अलग दिशाओं में है और इन सभी का अपना एक विशेष महत्व भी है।

# बसपा कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंच कर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष संजीव बौद्ध के नेतृत्व में शुक्रवार को बसपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा कलेक्ट्रोरेट कार्यालय पहुंच ज्ञापन सौंपा गया। कमलेश दोहरे ने ज्ञापन का वाचन करते हुए बताया कि सीहोर में कुबरेश्वर धाम में कथावाचक प्रदीप मिश्रा द्वारा पिछले तीन-चार वर्षों से कभी रुद्राक्ष वितरण तो कभी अभिषेक तो कभी कांवड़ तो कभी कथा के नाम पर आयोजन कर पूरे देश भर से लोगों को आमंत्रित कर कथावाचक प्रदीप मिश्रा द्वारा कथा के दोरान कई टोने-टोटके बताए जाते हैं। जिससे बीमार , दुःखी, आर्थिक तंगी, बेरोजगारी से परेशान लोग यह सोचकर यहां आते हैं की हमारे दुख दूर हों जाएंगे पर यहां आने के बाद कई लोग दोबारा जीवित नहीं पहुंच पाते और कई धक्के खाकर परेशान होकर वापस लोट जाते हैं और पहले भी कई मौते हो चुकी है ,इसी क्रम में दिनांक 5/8/2025 को रूद्राक्ष वितरण के दौरान मचि भगदड़ में दो महिलाओं की मौत और कई लोग घायल हुए, इतनी दुखद घटना के बाद भी 6/8/2025 को कथावाचक प्रदीप मिश्रा द्वारा देश भर के भाई डेसिबल के डीजे कांवड़ यात्रा में प्रतियोगिता के लिए आमंत्रित किए, जिसमें 300 से 400 डेसिबल के डीजे थे। जबकि माननीय न्यायालय के आदेश है कि 75 डेसिबल से अधिक के साउंड प्रतिबंधित है, इसके वाबजूद भी कानून का उलंघन करते हुए कथावाचक प्रदीप मिश्रा द्वारा ऐसे गैर कानूनी काम को अंजाम दिया गया। जिसके परिणाम स्वरूप 5-6 लोगों की और मौत हों गई। श्रद्धालुओं की मौत के कथावाचक एवं आयोजन समिति मौतों के लिए जिम्मेदार है। केवल डीजे संचालकों पर कार्यवाही करना पर्याप्त नहीं है। डीजे संचालकों को बुलाएं जाने वाले कथावाचक प्रदीप मिश्रा एवं समिति भी उक्त कार्य के लिए जिम्मेदार है। कथावाचक प्रदीप मिश्रा एवं समिति पर आपराधिक प्रकरण दर्ज करना बेहद आवश्यक है। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया है कि कथावाचक प्रदीप मिश्रा भारतीय संविधान को बदलने एवं हिन्दुओं के भगवान राधा कृष्ण, कायस्थ समाज के आराध्य देव चित्रगुप्त भगवान महिलाओं और की साम्प्रदायिक वयान



दे चुके है और इनके द्वारा कार्यक्रम आयोजन की तैयारी में जिला प्रशासन पूरे समय लगा रहता है ,जिसमें शिक्षकों की भी ड्यूटी लगाई जाती है स्कूल बंद किए जाते हैं, डाक्टरों की भी ड्यूटी एवं पुलिस प्रशासन भी वही लगा रहता है। ज़िले के लोग अपनी समस्या लेकर जब तेहसील,थाना, अस्पताल एवं अन्य कार्यालयों में जातें हैं तो जबाब मिलता है। सभी की ड्युटी कुबरेश्वर धाम में लगी है जिससे जन हित से जुड़े काम प्रभावित होते हैं। शासकीय अधिकारियों कर्मचारियों की ड्युटी लगाना बंद किया जाए।

मांग की गई है कि मृतकों के परिवार को न्याय दिलाने और दोषियों पर कार्रवाही की जावे। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से कमलेश दोहरे जोन प्रभारी बसपा सागर, अनोखीलाल मालवीय सीहोर जिला प्रभारी, संजीव बौद्ध जिला अध्यक्ष, नरसिंह भारती जिला महासचिव, कोमल नागर जिला सचिव, लक्ष्मीनारायण अहिरवार विस प्रभारी, धीरप अहिरवार विस अध्यक्ष, देवकरण कुरल विस अध्यक्ष बसपा आष्टा, अर्जुन पैरवाल विस उपाध्यक्ष आष्टा, बलराम पैठारी विस उपाध्यक्ष बसपा बुदनी, अर्जुन बौद्ध विस महासचिव बसपा बुदनी, महेश जाटव, जितेन्द्र कदम, लखनलाल बड़ोदिया विस प्रभारी बसपा इछावर, गेंदालाल सूर्यवंशी विस अध्यक्ष बसपा इछावर, गजराज सिंह गेहलोत, देववक्स बामनिया विस महासचिव बसपा इछावर, कमल कौरव, कमल किशोर जाटव, आशाराम जाटव, देवराज गोयल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एनजीओ प्रतिनिधियों, हितधारकों और अधिकारियों से जिपं सीईओ ने की चर्चा

# जिले में कौशल विकास और रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में कौशल और रोजगार के बीच मौजूदा अंतर को पहचानने, उसका समाधान ढूंढने और ग्रामीण युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु विविध हितधारकों को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में "मिशन उद्यम आरंभ" अन्तर्गत उद्यम एवं रोजगार संबंधी बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा द्वारा अनेक औद्योगिक प्रतिनिधियों, सरकारी



हितधारक, एनजीओ एवं बैंक के प्रतिनिधियों तथा अधिकारियों से कौशल विकास और रोजगार संबंधी अनेक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिले में मौजूदा कौशल अंतर की पहचान, सरकारी प्रशिक्षण संस्थानों (जैसे आईटीआई, आरएसईटीआई) की क्षमता को रोजगार की मांग से जोड़ने की रणनीतियों तथा जिले में रोजगार के लिए संयुक्त रणनीति बनाने संबंधी अनेक बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सभी हितधारकों ने मिलकर यह संकल्प लिया कि वे युवा कौशल विकास एवं स्थानीय उद्योगों के बीच साझेदारी को मजबूत कर रोजगार तथा उद्यमिता के रास्ते खोलने में सक्रिय भूमिका निभाएँगे।

खबर संक्षेप



### नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर का आभार माना

**सीहोर।** रक्षाबंधन त्योहार के पूर्व नगर पालिका सीहोर के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नगर पालिका अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार वेतन दिये जाने पर नगर निगम नगरपालिका कर्मचारी संघ इकाई सीहोर द्वारा नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर एवं समस्त पार्षदगण तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुधीर कुमार का आभार माना। वही भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारी और कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि रक्षा बंधन का पर्व से पहले वेतन मिलने से अच्छे से त्योहार मना सकेंगे कर्मचारी। इसके लिए नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर का आभार व्यक्त किया गया। रक्षा बंधन के पर्व शहर में साफ-सफाई आदि की व्यवस्था की गई है। शहर में जाम जैसी स्थिति निर्मित नहीं हो इसके लिए भी विशेष इंतजाम किए गए है।

## भाई-बहन के प्रेम और कर्तव्य का प्रतीक है रक्षाबंधन

# रक्षाबंधन आजः बहनें अपने भाई की कलाई पर बांधेंगी रक्षा की डोर

### बाजारों में राखी की दुकानों में 5 रुपए से लेकर 100 रुपये तक की राखियों की हुई खरीदी





हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

भाई-बहन के बीच अटूट प्रेम का त्योहार रक्षा बंधन आज मनाया जाएगा। रक्षा बंधन को लेकर बाजार में खरीददारी जोरशोर से की गई। बीते एक सप्ताह से राखी की खरीदी को को लेकर बाजार में भीड़ रही तो वही एक पहले भी बाजारों में बड़ी संख्या राखियां की खरीदी हुई। मिठाई दुकान में भी मिठाई और कपड़े की खरीद के लिए भीड़ जुटी रही। भैरूंदा नगर के जेपी मार्केट रॉयल मार्केट सहित ग्रामीण क्षेत्र हाट बाजारों में महिलाओं ने बढ़चढ़ राखी खरीदी। वहीं रक्षा बंधन को लेकर बच्चों में भी उत्साह देखा गया। बाजार में कार्टून डोरेमॉन मोटू पतलू सहित कई राखियां 20 से 100 रुपये मूल्य की बाजार की दुकानों पर उपलब्ध थी। क्षेत्र के मुख्य चौक ,चौराहों की दुकानों पर राखी की खरीदारी के लिए चहल-पहल देखी गयी। बाजारों में राखी की दुकानों में 5 रुपये से लेकर 200 रुपये तक की राखी की उपलब्ध रही। जिसकी खरीददारी बहनों ने की। इधर बहनों को रक्षा बंधन पर उपहार भेंट करने के लिए भाइयों ने भी उपहार की खरीददारी कर ली है। वहीं रक्षा बंधन पर्व को लेकर मिष्ठान दुकानों में भी मिठाई की खरीददारी के लिए भीड़ लगी रही।

**भाई बहन के प्रेम और कर्तव्य का प्रतीक रक्षाबंधनः** श्रावण सुदी पूर्णिमा का सनातन धर्म में बहुत महत्व है, आचार्य पं मनोज तिवारी कांकरियाबालों ने बतलाया कि,,यह दिन रक्षाबंधन के रूप में मनाया जाता है, इस दिन बहन अपने भाइयों की कलाई में रक्षा सूत्र बांधती है जीवन भर की रक्षा की कामना करती है।

भाई भी अपनी बहन की रक्षा का वचन देते हैं, व श्रावणी उपाकर्म जिसे यज्ञोपवीत परिवर्तन या जनेऊ बदलने का संस्कार भी कहा जाता है, श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाए जाने वाला एक महत्वपूर्ण पर्व है। इसका मुख्य उद्देश्य आत्म शुद्धि, प्रायश्चित और वैदिक ज्ञान के प्रति प्रतिबद्धता है, इस वर्ष रक्षाबंधन श्रवण संदीप पूर्णिमा शनिवार दिनांक 9 अगस्त 2025 को मनाया जाएगा जिस का शुभ मुहूर्त प्रातः 7:30 से 9 बजे तक व दोपहर 1:30 बजे से 4:30 बजे तक शुभ समय रहेगा संस्कृत सप्ताह भी मनाया जाएगा।

## सातवीं कक्षा के बच्चे नहीं दें सके हिंदी गणित विषय के सामान्य प्रश्नों के जवाब

### बीआरसी ने किया स्कूलों का निरीक्षण, जांचा बच्चों का शैक्षणिक स्तर



**इछावर।** बीआरसीसी सुभाष चन्द्र दुबे द्वारा शुक्रवार को जनपद क्षेत्र के भाऊंखेड़ी और नरसिंहखेड़ा मिडिल स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालयों में अ का द मि क व्यवस्थाओं का जायजा लिया साथ ही शैक्षणिक स्तर को जांचने के लिए विद्यार्थियों से सामान्य ज्ञान सहित कोर्स संबंधित कई सवाल - जवाब किए। नरसिहखेड़ा स्कूल में छात्र छात्राओं का शैक्षणिक स्तर कमजोर मिला। स्थिति यह रही कि बच्चे सामान्य प्रश्नों के जवाब भी नहीं दे पाएं। इस पर बीआरसीसी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित शिक्षकों को फटकार लगाई साथ ही सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

शुक्रवार दोपहर करीब 11.45 बजे बीआरसीसी श्री दूबे एवं जनशिक्षक महेश चंद्र मालवीय भाऊंखेड़ी मिडिल स्कूल पहुंचे। यहां उन्होंने अकादमिक और शैक्षणिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शैक्षणिक स्तर जांचने के लिए बीआरसीसी श्री दूबे ने बच्चों से अंग्रेजी और गणित विषय से संबंधित कुछ प्रश्न पूछे जिनका बच्चों ने बेबाकी से जवाब दिए। इसके बाद टीम ने नरसिहखेड़ा मिडिल स्कूल का निरीक्षण किया। बच्चों से हिन्दी का पढ़ने को कहा जिसे वह नहीं पढ़ सकें। इसके अलावा बीआरसी ने सामान्य ज्ञान एवं गणित, अंग्रेजी विषय से संबंधित कुछ सवाल पूछे , बच्चे इनके भी सही से जवाब नहीं दे सकें। इस पर बीआरसीसी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित शिक्षकों को फटकार लगाई साथ ही शैक्षणिक स्तर में सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिए। बीआरसीसी श्री दूबे ने बताया कि निरीक्षण के दौरान स्कूल में कुछ अनियमितताएं देखने को मिली है , जिनमें सुधार के लिए स्कूल प्रभारी और शिक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए गए है।

## भाऊंखेड़ी मिडिल स्कूल में साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया

### 24 छात्र-छात्राओं को वितरित की गई निशुल्क साइकिल



**इछावर।** जनपद शिक्षा केन्द्र के मिडिल स्कूल भाऊंखेड़ी में शुक्रवार को निशुल्क साइकिल वितरित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 6 के 24 छात्र छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। साइकिल मिलने पर विद्यार्थियों में भारी उत्साह दिखाई दिया। अतिथियों ने बच्चों से साइकिल द्वारा नियमित रूप से स्कूल आने की बात कही।

आयोजित कार्यक्रम में युवा भाजपा नेता एवं राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा के पुत्र विष्णु वर्मा मुख्य अतिथि एवं बीआरसीसी सुभाष चन्द्र दुबे विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। इस दौरान अतिथियों द्वारा कक्षा छठी में पढ़ने वाले 24 छात्र छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। मुख्य अतिथि श्री वर्मा ने लाभान्वित बच्चों को यातायात के नियमों का पालन करते हुए नियमित रूप से स्कूल आने और मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही। श्री वर्मा ने कहा कि आपको सुविधाएं सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है , आपको पूरी मेहनत और लगन से पढ़ाई करना है ताकि अपने परिवार , समाज और क्षेत्र का गौरव बढ़ा सकें। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से स्कूल प्रभारी नेपाल सिंह , जनशिक्षक महेश चंद्र मालवीय , धनपाल वर्मा , राजेश बन्नासिया आदि शामिल थे।

## संस्कृत केवल एक विषय नहीं बल्कि मूल्यों की भाषा है : पंडित पृथ्वीवल्लभ दुबे




**सीहोर।** शासकीय मॉडल स्कूल, सीहोर में संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत दिनांक 8 अगस्त को एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान "जीवन में संस्कृत भाषा की प्रासंगिकता" विषय पर आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में श्री चिंतामन गणेश मंदिर, सीहोर के मुख्य पुरोहित एवं संस्कृत भारती, सीहोर के जिला अध्यक्ष पं. पृथ्वीवल्लभ दुबे उपस्थित रहे। पं. पृथ्वीवल्लभ दुबे ने समस्त विद्यालय परिवार को संस्कृत सप्ताह की शुभकामनाएं प्रेषित कीं तथा छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कृत केवल एक विषय नहीं, बल्कि मूल्यों की भाषा है। इसमें दयालुता, सहिष्णुता, शरणागतवत्सलता जैसे जीवनोपयोगी गुण समाहित हैं, जो सम्पूर्ण भारत को एक सूत्र में पिरोते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे संस्कृत ग्रंथों का अध्ययन करें और उसे आचरण में लाकर अपने जीवन को समृद्ध बनाएं। उन्होंने यह भी बताया कि संस्कृत केवल शास्त्रों की भाषा नहीं, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत व्यवस्थित एवं तर्कसंगत भाषा है, जो सफल जीवन के लिए आवश्यक है। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. मीता सक्सेना ने भी अपने विचार रखते हुए बताया कि संस्कृत भाषा कम्प्यूटर एवं अन्य आधुनिक तकनीकी क्षेत्रों में भी उपयोगी सिद्ध हो रही है। अतः विद्यार्थियों के लिए संस्कृत भाषा का अध्ययन भविष्य के लिए अत्यंत लाभकारी रहेगा। कार्यक्रम में हिन्दी शिक्षक महेश वर्मा, इतिहास शिक्षक अभिषेक श्रीवास्तव तथा अंग्रेजी शिक्षक दिनेश वर्मा ने भी संस्कृत भाषा के महत्व को रेखांकित किया। विद्यालय के अन्य शिक्षकगणों एवं छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का कुशल संचालन संस्कृत शिक्षक डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा द्वारा किया गया।

## रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन, बच्चों ने दिखाई कलात्मक प्रतिभा



**भैरूंदा।** नगर की तरुणपुष्प हायर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में विविध और सांस्कृतिक रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पारंपरिक उल्लास और उत्साह के साथ भाग लिया तथा भाई-बहन के प्रेम के प्रतीक इस पर्व को हर्षोल्लास से मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत ईको-फ्रेंडली राखी निर्माण से हुई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने रंग-बिरंगी राखियों को स्वयं अपने हाथों से बनाकर सजाया। बच्चों ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता का परिचय देते हुए पारंपरिक सजावट के साथ-साथ रीसायक्लेबल सामग्री का उपयोग किया। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने रक्षाबंधन थीम पर ग्रीटिंग कार्ड बनाकर अपनी भावनाओं को सृजनात्मक ढंग से अभिव्यक्त किया। कार्डों पर भाई-बहन के रिश्ते की सुंदर झलक और बच्चों की कलात्मक सोच स्पष्ट रूप से दिखाई दी। प्री-प्राइमरी कक्षाओं में ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रक्षाबंधन से जुड़ी सुंदर कलाकृतियों को रंगों के माध्यम से जीवंत किया। बच्चों ने रक्षासूत्र, थाल सजावट और पारिवारिक प्रेम की झलक को चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस विशेष अवसर पर काइट मेकिंग प्रतियोगिता पतंग बनाओ भी आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगी पतंगों का निर्माण कर उन्हें आकाश में उड़ाया।

### सीहोर में रोजगार मेला 12 अगस्त को

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 12 अगस्त 2025 को प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक सीहोर स्थित डॉ. अम्बेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में युवा संगम रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार प्रदान किया जायेगा। इसी प्रकार जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र विभाग के द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा तथा नये प्रकरण तैयार किये जायेंगे। आईटीआई विभाग द्वारा युवाओं का अप्रेंटिसशिप के लिये चयन भी किया जाएगा। इच्छुक आवेदक अपने सभी मूल दस्तावेजों के साथ इस रोजगार मेले में उपस्थित हो सकते हैं।

## बुजुर्ग किसान को लकड़ी का हल भेंट कर किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



90 वर्ष के बुजुर्ग किसान को बेल की जगह स्वयं हल जोतने पर चंदेरी गांव के किसानों ने बढ़ाया मदद का हाथ नया ट्रैक्टर से 90 वर्ष के बुजुर्ग हलदर किसान की जमीन की करेंगे हकाई बुवाई। विगत दिनों सीहोर जिले के ग्राम तज के किसान 90 वर्षीय बुजुर्ग किसान अमरसिंह द्वारा अपने खेतों में बेल की जगह खुद हल चलाते हुए विडियो वायरल हुआ था, जो कि पुरे देशवासियों द्वारा देखा गया।

जिसको लेकर कई जनप्रतिनिधि व किसान संघ के नेता गाँव में उनसे मिलने गये और उनकी मदद करने का आश्वासन दिया। आज ग्राम चन्देरी के किसान एम.एस.मेवाड़ा, गोपाल सिंह मेवाड़ा, शेरसिंह, करण सिंह, प्रभुलाल, अर्जुन सिंह ग्राम आलमपुरा सहित अनेकों किसानों ने मिलकर सीहोर कृष्णा ट्रेडर्स पर जाकर नया महिन्द्रा 275 ट्रेक्टर नया खरीदा गया।

महिन्द्रा शोरूम के संचालक जितेन्द्र कुमार अग्रवाल, पंकज अग्रवाल द्वारा पाँच गाँव के किसान ग्राम नई चन्देरी, पुरानी चन्देरी, पिपलिया मीरा, आलमपुरा, भगवानपुरा व तज के किसान 90 वर्षीय बुजुर्ग किसान अमरसिंह को गाँव से बुलाया गया और साफा बांधकर फूलमालाओं से उनका सम्मान किया और उनको लकड़ी का हल भेट किया।

सम्मान कर सभी किसानों ने निर्णय लिया कि बुजुर्ग किसान अमरसिंह जिनके पास बेल, ट्रेक्टर ना होने की बजह से वह स्वयं बेल की जगह पर हल व डोरा स्वयं चलाते हैं, इसलिये निर्णय लिया गया अमरसिंह के हिस्से की कृषि भूमि की इस ट्रेक्टर द्वारा मुफ्त में हकाई-बुआई की जावेगी और इनसे कोई पैसा नही लिया जावेगा। क्योंकि इतनी उम्र हो जाने के बाद भी इनके द्वारा इतनी मेहनत की जा रही है, जो कि हम सबके लिये प्रेरणा स्त्रोत है। साथ ही सभी किसान साथियों से यह भी अपील करते हैं कि ऐसे बुजुर्ग किसानों की सभी को मदद करना चाहिये।

इस मौके पर उपस्थितजनों में राजकुमार, देवेन्द्र गोस्वामी, प्रीतम मेवाड़ा, राहुल, अमित कुमार यादव सहित उपस्थित किसान गोपाल सिंह, किसान एम.एस.मेवाड़ा, शेरसिंह, करण सिंह, प्रभुलाल, अर्जुन सिंह, नरेश मेवाड़ा, रवि मेवाड़ा, राजु मेवाड़ा, विकास, राजीव, प्रदीप, दीपक, राजेश पटेल, विक्रम सिंह, कुलदीप मेवाड़ा, अमन कुशवाह आदि उपस्थित रहे।

## आज विश्व आदिवासी दिवस पर निकलेगा चल समारोह



**सीहोर।** संयुक्त राष्ट्रसंघ के द्वारा विश्व आदिवासी दिवस जिला मुख्यालय पर हर्षोउल्लास से आज मनाया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर को संयुक्त राष्ट्रसंघ जिलाध्यक्ष रवि सोनी नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन सास्ता नाना ने आमंत्रण पत्र प्रदान किया। बाल बिहार मैदान से भोपाल नाका तक विशाल चल समारोह निकाला जाएगा। एक तीर, एक कमान, सभी आदिवासी, एक समान के नारे को आदिवासी बुलंद करेंगे। आदिवासी वैचारिक सम्मेलन होगा और सांस्कृतिक कार्यकमों के साथ प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन सास्ता नाना ने बताया कि शनिवार सुबह 10 बजे बालबिहार मैदान में आमसभा होगी जिस के बाद भव्य विशाल आदिवासी चल समारोह शुरू किया जाएगा।

चल समारोह रैली में अपनी पारंपरिक वैशभुषा में आदिवासी महिला पुरूष बच्चे युवा युवतियां शामिल होंगे। चल समारोह में आदिवासी वाधयंत्र भी बजाए जाएंगे। बेनर पोस्टर झंडों के साथ चल समारोह रैली मनकामेश्वर मंदिर से अटल बिहारी वाजपेय चौराहा बड़ा बाजार, पान चौराह, कोतवाली चौराहा से इंग्लिशपुरा रोड़ होते हुए भोपाल नाका स्थित आवासीय मैदान पर पहुंचेगी।

### नपा की स्वच्छता प्रणाली के अमल में आने से गंदगी से मिली राहतः प्रिंस

# 85 लाख की सौगातः गार्डन और शौचालय सहित अनेक निर्माण कार्य का भूमि-पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर में तेजी से विकास कार्य किए जा रहे है। शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 22 में करीब 85 लाख के विकास कार्यों की सौगात नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने की। इस मौके पर क्षेत्रवासियों ने विकास कार्य का भूमि पूजन किया किया। इस मौके पर पार्षद प्रतिनिधि विशाल राठौर ने बताया कि हमारे क्षेत्र में नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर के द्वारा करीब 85 लाख की सौगात दी गई है। इसमें करीब 25 लाख की लागत से गणेश गार्डन का निर्माण किया जाएगा। फ्री गंज में होने वाले इस गार्डन में लाइटिंग, पौधा रोपण सहित अन्य सुविधा रहेगी। इसके अलावा पांच लाख की राशि से शौचालय और 55 लाख की लागत से नालियों का निर्माण किया जाएगा। जिससे बारिश और गंदे पानी से मुक्ति मिलेगी। यहां पर मौजूद क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने कहाकि विकास और स्वच्छता के नाम पर हम देश में पहले नंबर पहुंचे इसके लिए आप सभी का सहयोग चाहिए।

गत दिनों हमें स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर पालिका के अमले और आपके प्रयास से प्रदेश में नंबर वन का अवार्ड मिला है। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों के अलावा दिलीप राठौर आदि शामिल थे। जिन्होंने विकास कार्य और शहर को सुंदर रखने का संकल्प लिया।

उन्होंने कहाकि शहर को साफ-सुथरा रखने के लिए नगर पालिका द्वारा शुरू की गई स्वच्छता प्रणाली के अमल में आने के बाद जहां लोगों को गंदगी से राहत मिली है। नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर और सीएमओ सुधीर सिंह सहित अन्य नियमित रूप से सुबह से ही शहर के निरीक्षण करते है। मोहल्ले में इस स्वच्छता वाहन के साथ भ्रमण कर सभी रहवासियों से आग्रह किया कि वे अपने घरों से निकलने वाले कचरे को डस्टबीन में एकत्रित कर कचरा वाहन में ही डाले। ताकि नालियां एवं सड़कों पर कचरा न फैले। वहीं उनके सुझाव पर मौके पर ही छोटी-मोटी समस्याओं का निराकरण भी किया जा रहा है।

## भाजपा मंडल भैरूंदा की बैठक संपन्न आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



शुक्रवार को भाजपा मंडल भैरुंदा की कार्यकारिणी बैठक नगर के रेस्ट हाउस में आयोजित हुई। बैठक में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। आगामी राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर इस बैठक में गहन विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित होने वाली तिरंगा यात्रा, विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि और कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती जैसे महत्वपूर्ण आयोजनों की रूपरेखा तय की गई। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष रवि मालवीय ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कार्यक्रमों को मंडल के प्रत्येक बूथ स्तर तक पहुँचाया जाए तथा अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन की नीतियों और मूल्यों को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। बैठक में भाजपा जिला सीहोर आयोजनों के सह-प्रभारी जितेंद्र गोड़ ने आगामी आयोजनों की विस्तृत जानकारी दी और उनकी रूपरेखा स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से देशभक्ति की भावना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि इस वर्ष अभियान के तहत नगर के हर घर पर तिरंगा फहराया जाएगा। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि तथा कुशाभाऊ ठाकरे की जन्मजयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी भी साझा की।भैरूंदा भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए उक्त सभी आयोजनों को पूरी गरिमा, अनुशासन और संगठनात्मक एकता के साथ सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि सभी आयोजन सुव्यवस्थित ढंग से बूथ स्तर पर आयोजित किए जाएंगे, जिससे संगठन की जड़ें और भी मजबूत होंगी। बैठक में मोहनलाल पंवार चेयरमैन,तुलसी राम पंवार चंद्रकांत खण्डेलवाल, विनोद कंगाली, महेंद्र परिहार, राजेश पंवार, महामंत्री कपिल खंडेलवाल, दीनबंधु कुशवाह,तरुण मालवीय अमित मीणा, नीतू पटेल, भवानी राजपूत,गोलू विश्वकर्मा, रामकृष्ण पंवार, ओम राठौड़, गोपाल मीणा, अरविंद पंवार गौरीशंकर कुशवाह पार्षद गण रितेश मकवाना,गोलू जाट,ओम पंवार सहित विभिन्न बूथों के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे और सभी ने एकजुट होकर कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया।

### लाडली बहनों के खातों में सिंगल क्लिक से ट्रांसफर की गई 1500 की राशि

# बहन और भाई का रिश्ता सबसे पवित्र, यह रिश्ता हमेशा बना रहेगाः सीएम डॉ. यादव





## बाबा बैजनाथ लोक और कुरावर में कॉलेज की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

गुरुवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव लाडली बहनों को सौगात देने नरसिंहगढ़ पहुँचे। इस दौरान कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित भव्य समारोह में उन्होंने एक क्लिक के माध्यम से लाडली बहना योजना के तहत लाभार्थी बहनों के खातों में 1500 की राशि अंतरित की। रक्षाबंधन के मौके पर उन्होंने 250 रुपये बोनस राशि बहनों के खातों में अंतरित की। इस अवसर पर लाडली बहनों को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ष्बहन-भाई का रिश्ता सबसे पवित्र होता है, यह जीवन भर बना रहता है। राज्य सरकार बहनों की खुशहाली के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने दीपावली भाई दूज से लाडली बहना योजना के तहत 1500 रुपये राशि देने की घोषणा की साथ ही उन्होंने 2028 तक इस राशि को 3000 तक बढाने की बात भी कही। साथ ही उन्होंने केंद्र और प्रदेश भाजपा सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को आगे बढ़ने की बात कही। स्वागत भाषण में विधायक मोहन शर्मा ने मुख्यमंत्री का अभिवादन करते हुए नरसिंहगढ़ शहर और ग्रामीण अंचल की प्रमुख समस्याओं को मंच से रखा और उनके निराकरण की मांग की। कार्यक्रम को प्रभारी मंत्री चेतन कश्यप, सांसद रोडमल नागर ने भी संबोधित किया। इस मौके पर राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार, गौतम टेटवाल, जन अभियान परिषद उपाध्यक्ष मोहन नागर, जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, सुरेंद्र शर्मा सहित अनेक भाजपा नेता मंच पर उपस्थित रहे। हजारों की संख्या में लाडली बहनाएं और आमजन कार्यक्रम में शामिल हुए।

### बाबा बैजनाथ लोक की घोषणा

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बाबा बैजनाथ लोक के निर्माण तथा कुरावर में शासकीय महाविद्यालय खोलने की भी घोषणा की, जिससे क्षेत्र में विकास और शिक्षा को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही। है। इसके अलावा भी सीएम ने विकास कार्यो में कही कोई कसर नही छोड़ें जाने की बात कही

### रोड शो में जनता ने किया अभूतपूर्व स्वागत

अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री दोपहर 3रू00 बजे हेलीकॉप्टर से नरसिंहगढ़ पहुंचे। जहां उन्होंने अर्जुन गौशाला से बस स्टैंड तक करीब दो किलोमीटर लंबा रोड किया। रोड शो के दौरान हजारों की संख्या में क्षेत्रवासियों ने रास्ते भर पुष्प वर्षा कर मुख्यमंत्री का भूतपूर्व स्वागत किया। इस दौरान लाडली बहनों ने मुख्यमंत्री को राखियां ओर आमजनों ने कई उपहार भेंट किये।

### कार्यक्रम की झलकियां

- स्थानीय कलाकारों ने करीब सौ धपड़े बजाकर मुख्यमंत्री के रोड शो का स्वागत किया।
- सरोड शो के दौरान बहनों ने मुख्यमंत्री को भेंट दी और उनके हाथों में राखी भी बांधी।
- सबालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं।
- सअखाड़ों में छोटी बच्चियों ने करतब दिखाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।
- समहिलाएं कलश ओर हाथों में तिरंगा लेकर चल रही थी।

### सीसीटीवी कैमरे खराब

## नेवज किनारे स्थित शिव मंदिर में चोरी, नदी में मिली दानपेटी



**राजगढ़।** नगर के विभिन्न मंदिर लगातार चोरों के निशाने पर हैं। अज्ञात बदमाश ने एक बार फिर से वारदात को अंजाम देते हुए पुरानी चोरियों की पड़ताल में लगी पुलिस को नई चुनौती दे डाली। चोरी की यह घटना नेवज नदी की छोटी पुलिया के किनारे स्थित शिवालय में हुई है। चोर ने मंदिर के अंदर रखी दानपेटी में रखी चढ़ावा राशि को चुराकर खाली दानपेटी को नदी में फेंक दिया। सुबह जब मंदिर के सेवादार पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे तब उन्हें चोरी की बात मालूम हो पाई जिसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। उल्लेखनीय है कि दो माह पूर्व खोयरी महादेव मंदिर में हुई चोरी का भी अभी तक कुछ पता नहीं लग पाया है।

### बगैर ताला तोड़े मंदिर में घुसा चोर

जानकारी के अनुसार नेवज नदी के छोटे पुल स्थित शिव मंदिर का ताला प्रतिदिन की तरह लगा हुआ था। बुधवार-गुरुवार की रात्रि अज्ञात चोर गेट का ताला तोड़े बगैर लोहे के दरवाजे को उचकाकर अंदर दाखिल हुआ और वहां रखी दानपेटी में रखी राशि चुराई और दानपेटी को समीप ही नेवज नदी की पुलिया के दूसरी तरफ फेंक दिया। गुरुवार सुबह जब मंदिर के सेवादार पहुंचे तब चोरी के बारे में मालूमात हो पाई। सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने दानपेटी जब्त करते हुए मामला विवेचना में लिया है। मामले में विशेष बात यह है कि पुलिया के ठीक पहले पुलिस विभाग के सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। मंदिर के सेवादारों ने बताया कि यह सीसीटीवी काफी समय से खराब हैं। गौरतलब है कि यह मार्ग तंवरवाड़ क्षेत्र के 50 से अधिक गांवों को राजगढ़ से सीधा जोड़ता है। ऐसे में यहां के सीसीटीवी खराब होने से पुलिस को कंइं मामलों की पड़ताल में समस्याएं आ सकती हैं।

### पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बचाया, तीन गंभीर हालत में

# शराब दुकान मैनेजर व टीम पर किया जानलेवा हमला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

लीमाचैहान क्षेत्र में बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात को एक सनसनीखेज घटना सामने आई। शराब दुकान बंद कर लौट रहे मैनेजर सहित चार लोगों पर भैंसवा माता जोड़ के पास 20-25 लाठीधारी बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमले में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद शाजापुर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को भीड़ से बचाया और उन्हें सारंगपुर सिविल अस्पताल पहुंचाया। बाद में तीन की हालत नाजुक होने पर शाजापुर रेफर किया गया। घायलों में शराब दुकान मैनेजर अभिषेक मिश्रा, ड्राइवर सतीश लोहार और द्वारका प्रसाद शामिल हैं। तीनों की पीठ, पैर व अन्य हिस्सों में लाठियों के गंभीर निशान पाए गए हैं।

### हमले का आरोप दुर्गेश नागर और उसके साथी पर

मैनेजर अभिषेक मिश्रा ने बताया कि वह अपनी शराब दुकान बंद कर लौट रहे थे तभी भैंसवा माता जोड़ के पास भाटखेड़ी निवासी दुर्गेश नागर और उसके साथी जगदीश शिवहरे सहित 20-25 लोगों ने अचानक हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि सूचना देने पर पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें थाने लेकर गई, जिससे उनकी जान बच सकी।

### मामला दर्ज, पुलिस जांच में जुटी

घटना की सूचना मिलते ही लिमाचैहान पुलिस हरकत में आई और फरियादी अभिषेक मिश्रा की शिकायत पर तीन नामजद आरोपियों दृ दुर्गेश गुर्जर, अभिषेक नागर और जगदीश शिवहरे के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट और जानलेवा हमले सहित आईपीसी की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### विवाद दो ठेकेदारों के बीच का भी पहलू

इस घटना के बाद पचोर के शराब ठेकेदार दुर्गेश नागर के मुंशी जगदीश शिवहरे ने भी लिमाचैहान थाने में सारंगपुर ठेकेदार के विरुद्ध शिकायत की है, जिसकी जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

### इनका कहना है

बुधवार रात शराब दुकान कर्मियों पर हमले की सूचना मिलने पर तत्काल घायलों को अस्पताल भेजा गया। फरियादी की रिपोर्ट के आधार पर तीन लोगों पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच जारी है।

सुगनलाल थाना प्रभारी
लिमाचैहान

# ट्रक ने तूफान वाहन में पीछे से मारी टक्कर, 7 घायल

### राजगढ़-खुजनेर के बीच खजूरी ग्राम के समीप हुआ हादसा



**राजगढ़।** राजगढ़-खुजनेर मार्ग पर गुरुवार दोपहर एक ट्रक ने तूफान वाहन में पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में तूफान वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया वहीं उसमें सवार 6 लोगों सहित समीप खड़ी एक महिला घायल हो गई। घटना के बाद 108 एम्बुलेंस की मदद से घायलों को जिला अस्पताल लाया गया जहां सभी का ईलाज जारी है। जानकारी के अनुसार शुजालपुर निवासी विद्युत ठेकेदार के यहां कार्यरत छह कर्मचारी विद्युत लाईन चेकिंग का काम करते हुए तूफान वाहन से खुजनेर से राजगढ़ आ रहे थे। इस दौरान खजूरी गांव के समीप पीछे से आ रहे ट्रक ने तूफान में टक्कर मार दी। दुर्घटना में पास में खड़ी गीताबाई पत्नी जगन्नाथ समेत तूफान में सवार सभी छह लोग घायल हो गए। घायलों में अजय पिता देवीलाल नाथ, राहुल पिता रामसिंह मालवीय, रवि पिता बंशीलाल, राजकुमार पिता देवकरण मालवीय, मुकेश पिता रामसिंह, पंकज पिता मोहनसिंह मालवीय शामिल हैं। घटना के बाद सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। अस्पताल पुलिस चैकी ने मामले में ट्रक चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

## एक पौधा मां के नाम माध्यमिक विद्यालय गोरियाखेड़ा में किया पौधरोपण



जीरापुर। एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम अंतर्गत शासकीय माध्यमिक विद्यालय गोरियाखेडा मे कुडालिया पेय जल समुह योजना अन्तर्गत लार्सन एण्ड टुब्रो कम्पनी के द्वारा आज 51 पौधे लगाए गए कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर अरुण हर्षा ने बताया कि विद्यार्थी विद्यालय में अध्ययन करने आते हैं ज्ञान प्राप्त करते हैं एवं उच्च कक्षा में पहुंचकर सफलता हासिल करते हैं इसी तरह एक पौधे को लगाकर छात्र छात्राएं प्रतिदिन उस पौधे कि देखभाल करेंगे तो वह निश्चित ही वह पौधा बड़ा होकर अपने को छांव एवं शुद्ध हवा देगा प्रत्यक्ष छात्र पौधा लगाए एवं उसकी देखरेख करें इस मौके पर एलएनटी कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर अरुण हर्षा प्लानिंग मैनेजर उत्कृष्ट गुप्ता , अकाउंटेंट, फ्रुदीन कंस्ट्रक्शन मैनेजर उमेश सिंह अभिषेक यादव विशाल उपाध्याय अभिनव त्रिपाठी गौतम राठौर एव राज्यशिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुरेश दागी ,प्रधानाध्यापक शिवनारायण तोमर,राज्य शिक्षक संघ ब्लाक अध्यक्ष ईश्वरसिहं परमार ,नारायणसिहं तोमर बाचन्द बैरागी,रेखा बैरागी ,माखन ,सहीत छात्र छात्राए उपस्थित रहे।

# नेतृत्व के बढ़ते कदम -प्रोग्रेसिव हाइट्स में इंवेस्टिचर सेरेमनी संपन्न



**ब्यावरा।** प्रोग्रेसिव हाइट्स स्कूल में 7 अगस्त को इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन अत्यंत गरिमा, अनुशासन एवं उत्साह के साथ किया गया। यह विशेष अवसर विद्यालय के नव-निर्वाचित छात्र परिषद् के पदाधिकारियों को उनके दायित्वों का औपचारिक रूप से हस्तांतरण करने हेतु आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ, जिसके पश्चात विद्यालय प्राचार्य किरण उपाध्याय एवं स्वेच्छा ठाकुर ने छात्रों को नेतृत्व, जिम्मेदारी और अनुशासन के महत्व पर प्रेरक संबोधन दिया। कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन यशिका गुप्ता एवं लाइबा अंसारी द्वारा किया गया, जिन्होंने पूरे आयोजन को सुंदर व प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया। इस अवसर को और भी विशेष बनाते हुए छात्र परिषद के सदस्यों के माता-पिता भी कार्यक्रम में ससम्मान उपस्थित रहे। उन्होंने अपने बच्चों को मंच पर दायित्व ग्रहण करते हुए देखा और गौरव व हर्ष का अनुभव किया। विद्यालय ने अभिभावकों की इस उपस्थिति को सच्चे सहयोग और साझेदारी का प्रतीक माना।

### छात्र परिषद में छात्रों को सौंपें उत्तरदायित्व

हेड बॉय - विनायक पालीवाल
हेड गर्ल - अविका गुप्ता
स्पोर्ट्स सेक्रेटरी - इशिका नरवरिया
डिप्टी स्पोर्ट्स सेक्रेटरी - नवधा गुप्ता
डिसिप्लिन सेक्रेटरी - आध्या गुप्ता
डिप्टी डिसिप्लिन सेक्रेटरी - नीलेश दांगी
कल्चरल सेक्रेटरी - दिशा गुप्ता
डिप्टी कल्चरल सेक्रेटरी - स्वरा कौशिक
एनवायर्नमेंटल सेक्रेटरी - वैदिका साहू
डिप्टी एनवायर्नमेंटल सेक्रेटरी - ग्रेसी गुप्ता

नव-निर्वाचित छात्र नेताओं ने विद्यालय, शिक्षकों एवं अपने सहपाठियों के प्रति निष्ठावान, कर्तव्यपरायण एवं अनुशासित रहने की शपथ ली। संचालक ने सभी छात्रों को शुभकामनाएँ देते हुए नेतृत्व के इस अवसर को सेवा, समर्पण और प्रेरणा का माध्यम बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।



## नाले में डूबने से दो सगी बहनों की दर्दनाक मौत

**सारंगपुर।** सारंगपुर के समीप ग्राम करौंदी में गुरुवार को दर्दनाक हादसा हो गया, जब एक ही परिवार की दो मासूम बहनें घर के पास से निकले नाले में डूब गईं। हादसे में दोनों बच्चियों की मौके पर ही मौत हो गई, जिससे पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार करौंदी निवासी सुनील परमार की दो बेटियां अंशिका परमार (7 वर्ष) एवं भूमिका परमार (4 वर्ष) गुरुवार को दोपहर घर के पास बह रहे नाले में नहाने गई थीं। नाले में पानी का बहाव तेज होने से दोनों बच्चियां फिसल गईं और गहराई में चली गईं। आसपास के लोगों ने जब बच्चियों को नहीं देखा तो खोजबीन शुरू की गई और कुछ ही देर में दोनों के शव नाले से निकाले गए। वही सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई करते हुए शवों को पोस्टमार्टम के लिए सारंगपुर अस्पताल भिजवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। इस दर्दनाक हादसे से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। गांव में मातम का माहौल है और लोग परिवार को ढांढस बंधाने पहुंच रहे हैं।

## विवाहिता से दुष्कर्म के दोषी को सश्रम आजीवन कारावास

### विशेष सत्र न्यायाधीश राजगढ़ ने सुनाया फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

साल 2020 में एक विवाहिता महिला के साथ हुई दुराचार की घटना के मामले में न्यायालय ने दोषी को सश्रम आजीवन कारावास से दंडित किया है। इसके साथ ही दोषी पर अर्थदंड भी अधिरोपित किया गया है। विशेष सत्र न्यायाधीश (एससी/एसटी) ने तमाम सबूतों एवं गवाहों के आधार पर अपना फैसला सुनाया है।

### क्या था पूरा मामला

विशेष लोक अभियोजक पी.एन. मालाकार ने बताया कि लीमा चैहान थानाक्षेत्रान्तर्गत 9 नवंबर 2020 को एक विवाहिता महिला के साथ दुष्कर्म की घटना हुई थी। दोपहर के समय जब पीड़िता जब लकड़ियां लेने खेत पर जा रही थी तभी उसी के गांव का दुर्गेश पिता बद्रीलाल तंवर पीड़िता को जबरन पकड़कर समीप के खंडहर में ले गया और वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़िता का पति वहां आ गया जिन्हें देखकर आरोपी मौके से भाग निकला। पीड़िता ने पति के साथ लीमाचैहान थाने पहुंचकर पूरी आपबीती बताई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी दुर्गेश पर दुष्कर्म व एससी/एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया। चालान कोर्ट में प्रस्तुत होने पर अभियोजन की तरफ से 10 गवाहों के बयान करवाते हुए सात विभिन्न दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत किए गए। इस आधार पर विशेष सत्र न्यायाधीश ने आरोपी दुर्गेश को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

## भाजपा मंडल गुलावता की कार्यकारिणी घोषित

### रघुराज सिंह व डॉ. बालू वर्मा बने महामंत्री





**सारंगपुर।** भारतीय जनता पार्टी गुलावता मंडल की कार्यकारिणी की घोषणा गुरुवार को की गई। यह घोषणा मंडल अध्यक्ष गिरवर सिंह भंडारी द्वारा जिला अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर की सहमति, राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल की अनुशंसा, सांसद रोडमल नागर के मार्गदर्शन एवं जिला प्रभारी सुरेंद्र शर्मा की सहमति से की गई। घोषित कार्यकारिणी में रघुराज सिंह सोलंकी एवं डॉ. बालू सिंह वर्मा को मंडल महामंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही अन्य पदाधिकारियों को भी संगठनात्मक दायित्व सौंपे गए हैं। नवनियुक्त कार्यकारिणी के गठन पर पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा गया। मंडल अध्यक्ष भंडारी ने विश्वास जताया कि नई कार्यकारिणी पार्टी को बूथ स्तर तक सशक्त बनाएगी और आगामी चुनावों में संगठन को मजबूती प्रदान करेगी। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ में शुभकामनाएं दी।

# कक्षा 10 में श्रेष्ठ परिणाम वाले छात्रों को नकद राशि देकर किया सम्मानित




**पचोर** -अपने वादे के अनुरूप शिक्षकों ने दसवीं में श्रेष्ठ परिणाम देने वाले छात्रों को कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया। प्रतिभा सम्मान समारोह में सरंपच रामकृष्ण नागर ,पूर्व सरपंच रमेश राठौर, की उपस्थिति में छात्र छात्राओं को सम्मानित किया ।इस मौके पर अतिथियों ने कहा को अब प्रतिस्पर्धा का समय है और ऐसे में ज्यादा परिश्रम की जरूरत होती है। तो वहीं अन्य छात्रों को भी उन्होंने समझाइश देते हुए कहा कि वे चिंता न करें बल्कि मन लगाकर पढ़ाई करेंगे तो निश्चित तौर पर उन्हें सफलता मिलेगी और अच्छे अंक प्राप्त कर सकेंगे।वहीं शिक्षकों के प्रयासों को भी सराहनीय बताया। । कार्यक्रम की शुरुआत में छात्रों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। प्राचार्य शबाना कुरैशी ने कहा हमारे छात्र प्रतिभा सम्पन्न हे केवल उन्हें प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। शिक्षिका ज्योति व्यास ने कहा कि हमारे सभी शिक्षक ,बच्चे मेहनत करते हे, बच्चो को हमने प्रोत्साहित करने की कोशिश की हैं। इस मौके संकुल से दुर्गा प्रसाद जाटव, खबीर गोरी, ताहिर कुरैशी, जन शिक्षक अशोक शर्मा, विद्यालय के विक्रम सिंह भानेरिया , सुरेश प्रसाद यादव ,जमील अहमद खान संदीप राजोरे,रवि शर्मा,आदि उपस्थित रहे।

### यह है प्रोत्साहन

शासकीय हाई स्कूल देहरी बामन की प्राचार्य शबाना कुरैशी ने पिछले वर्ष कक्षा दसवीं के छात्रों से मेहनत करने का वादा लिया था और कहा था कि जो बच्चे 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाएंगे उनको अपनी ओर से 1000 रुपए देगी वहीं शिक्षिका ज्योति व्यास 85 प्रतिशत अंक लाने वाले छात्रों को 2000 रुपए देगी । कार्यक्रम मेंरौनक तिवारी, रिया, दीपिका, कांता राजपूत, खुशबु, कुमकुम, पूजा तोमर, को नकद राशि देकर सम्मानित किया गया।

**खबर संक्षेप**

## सर्वसम्मति से जाहरवीर गोगादेव निशान चल समारोह के बने अध्यक्ष



**आष्टा।** आगामी 17 अगस्त को आयोजित होने वाले श्री जाहरवीर गोगादेव निशान के चल समारोह हेतु बनवारी लाल पंवार को सर्वसम्मति से कार्यक्रम की विधिवत बागडोर सौंपकर अध्यक्ष मनोनीत किया गया, प्राप्त जानकारी के अनुसार बनवारी लाल 16 वर्षों से गोगादेव अखाड़ा डाब्री से अपने नेतृत्व में कार्यक्रम का सफल संचालन करते आ रहे हैं जो कि अपने आप में एक गौरांवित करने वाला पुनीत कार्य है उनकी कार्य कुशलता और सेवाभाव को देखते हुए आष्टा और डाबरी के चारों दलों द्वारा अपनी सर्वसम्मति से उन्हें डाब्री के 75 घोड़े और सेवादारों सहित अन्य दलों की अगुवाई में निकलने वाले गोगादेव के भव्य चल समारोह का अध्यक्ष नियुक्त किया गया और यह सब उनकी कार्य कुशलता और सेवाभाव का ही परिणाम है, कार्यक्रम 17 अगस्त को आयोजित होकर शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए मां पार्वती परिसर गोगामेड़ी में समापन होगा, पंवार को अध्यक्ष मनोनीत होने पर उनके शुभचिंतकों व अनुयायियों के द्वारा ढेरों बधाईयां एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई जिनका उनके द्वारा आभार व्यक्त कर लोगों से इस धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु अपील की गई।

### गल्ला खेड़ी में 4 साल से जर्जर स्कूल पर लटका है ताला

# मरम्मत नहीं होने से जर्जर हुआ भवन खुले आसमान के नीचे पढ़ने को मजबूर

नप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा भुगतने को मजबूर है स्कूल के विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



सीहोर जिले की आष्टा विधानसभा में आज भी कई ऐसे स्कूल है, जहां कोई देखने वाला नहीं है। नगर परिषद जावर के पूर्व अध्यक्ष शैलेश कुमार वैद्य जब गांव से निकल रहे थे तो ग्राम वासियों ने वैद्य को देखकर रुकवाया और वर्तमान हालातो से अवगत करवाया। पूर्व नपा अध्यक्ष शैलेश कुमार वैद्य ने स्थिति का जब निरीक्षण किया तो देखकर बहुत ही दुख हुआ। वैद्य ने कहा कि जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही का एक उदाहरण जावर तहसील के गांव गल्ला खेड़ी में देखने को मिला। विगत 4 वर्षों से जर्जर स्कूल पर ताला लगा है। हालात यहां है कि बच्चे खुले आसमान के नीचे पढ़ने को मजबूर है।

यदि ज्यादा धूप या बरसात होती है तो बच्चे पास में बने मंदिर में जाकर पढ़ते हैं। स्थानीय शिक्षक भी मजबूर है उन्हें खुले में पड़ाने के लिए पूर्व नपा अध्यक्ष जावर शैलेश वैद्य ने कहा कि ऑफिस में बैठे जिला शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को अपने आलीशान कार्यालय से बाहर निकल कर धरातल पर भी आना चाहिए। केवल ऑफिस में बैठकर शासन की योजनाएं संचालित नहीं होगी। गल्ला खेड़ी गांव में एक स्कूल है जहां पर 25 से 30 बच्चे पढ़ते हैं। परंतु जिस स्कूल में पढ़ते है वह स्कूल अब जर्जर हो चुका है। इसके कारण स्कूल पर ताला लगा है। गल्ला खेड़ी के ग्राम वासियों ने बताया कि हम ग्राम वासियों ने पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह मालवीय को भी स्कूल के हालातों के बारे में अवगत करवाया था।

उन्होंने स्वयं स्कूल का निरीक्षण किया था तथा कहा था कि हम जल्द ही मरम्मत करवाएंगे या फिर नया विद्यालय बनवाएंगे परंतु आज तक स्थिति नहीं बदल पाई विद्यालय न होने की वजह से कई बेटियों ने पढ़ना ही छोड़ दिया है। कई बेटे मजदूरी और अपने पिता के साथ खेती का कार्य करवाने लगे हैं। पूर्व नपा अध्यक्ष शैलेश कुमार वैद्य ने कहा कि सरकार द्वारा जो योजनाएं बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान क्या कागजों में ही चल रहा है। धरातल पर कुछ और ही स्थित है। शैलेश वैद्य ने इस संबंध में सीहोर जिले के कलेक्टर को और शिक्षा विभाग के संचालक को अवगत कराने का आश्वासन दिया। साथ ही जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द इस संबंध में कार्यवाही की जाए। इस अवसर पर बजे सिंह गुनाया, सतीश, बाबूलाल परमार ,धर्मेंद्र सोलंकी, हिम्मत सिंह, हिरदेश परमार भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

**भवन की कराएंगे व्यवस्था**

शासकीय स्कूलों के जिन भवनों की मरम्मत या निर्माण होना है, उनका प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है अभी मैं यह दिखवाता हूं कि ग्राम गल्ला खेड़ी में जर्जर अवस्था में जो स्कूल है उसका प्रस्ताव भेजा गया है या नहीं। फिलहाल बच्चों के लिए कोई अन्य भवन की व्यवस्था कराई जाएगी।

**आरआर उईके,** डीपीसी सीहोर

# वन अमले ने सागौन की लकड़ी की जब्त, लेकिन चोर नहीं लगे हाथ

**96 हजार का माल किया जब्त**



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

वन विभाग के लगातार गस्त के बावजूद भी वन माफिया लकड़ी काटने से पीछे नहीं हट रहे हैं। वही रेंजर नवनीत झा अपनी टीम के साथ ग्रामीण क्षेत्र में आने जाने वाले हर एक मार्ग पर रात्रि गस्त कर रहे हैं। जिसका परिणाम है कि वन विभाग को लगातार एक के बाद एक सफलता मिल रही है।

गुरुवार को रेंजर नवनीत झा अपनी टीम के साथ ग्रामीण क्षेत्र में रात्रि गस्त कर रहे थे। तभी उन्हें रामपुरा मार्ग पर सागौन से लदी हुई मोटरसाइकिल आती दिखी। जिसे घेरा बंदी कर पकड़ा गया उसके बाद लगातार एक के बाद एक तीन चार मोटरसाइकिल भी उक्त मार्ग से आती दिखी। जिन्हें पकड़ने का प्रयास किया तो आरोपी मोटरसाइकिल लकड़ी सहित फेक कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए जंगल की ओर भाग गए। वन विभाग की टीम द्वारा एक ही रात में पांच मोटरसाइकिल पर 15 नग सागवान लकड़ी जप्त कर बड़ी कार्रवाई की गई मोटरसाइकिल व जप्त लकड़ी की कुल कीमत 96 हजार 796 रुपए आकी गई।

वहीं मामले में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण दर्ज कर करवाई की गई। इस कार्रवाई में रेंजर नवनीत झा, डिप्टी रेंजर, कुमेर सिंह चौहान, वनरक्षक फैजल वर्नी, जितेंद्र सिंह ठाकुर, चंचल चंदेल, राहुल परमार, देवेंद्र नायक, बहादुर सिंह ठाकुर, वाहन चालक राधेश्याम, स्थाई कर्मी ओमप्रकाश मेरवाड़ा का योगदान रहा।

# तैयारी शुरूः 10 अगस्त को मनेगा भुजरिया पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ इस वर्ष भी भुजरिया महापर्व का आयोजन कुशवाह समाज दर्जीपुरा पंचायत आष्टा द्वारा किया जाएगा। यह आयोजन रविवार, 10 अगस्त 2025 को होगा।

दोपहर 3 बजे से प्रारंभ होने वाला चल समारोह दर्जीपुरा स्थित शास्त्री स्कूल के पास से बैंड बाजे ढोल नगाड़े के साथ पुरुष वर्ग डंडे लड़ते हुए एवं मातृशक्ति सर पर भुजरिया रखकर हर्षोल्लास के साथ गीत गाते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मां पार्वती के तट पर विसर्जन कर सम्पन्न होगा। आयोजन समिति ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पर्व की शोभा बढ़ाने का आग्रह किया है। आयोजन समिति के पदाधिकारी अध्यक्ष निखिल कुशवाह ने बताया कि यह पर्व सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण का प्रतीक है।



अध्यक्षा नरेंद्र कुशवाह (कुशवाह समाज दर्जीपुरा आष्टा एवं सह अध्यक्ष हिन्दू सकल समाज), अध्यक्ष दलकिशोर कुशवाह (पटेल कुशवाह समाज), उपाध्यक्ष विजय कुशवाह और सचिव सुज्जल (लल्ला) कुशवाह ने भी सभी से समय पर पहुंचने की अपील की है। कुशवाह समाज दर्जीपुरा पंचायत आष्टा ने बताया कि भुजरिया महापर्व नगर में धार्मिक वातावरण और सामूहिक उत्साह का माहौल बनाएगा, जिसमें समाज के साथ-साथ नगरवासी भी उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। क्यों मनाया जाता हे भुजरियां पर्व मालवा में भुजरिया त्यौहार अच्छी बारिश, अच्छी फसल, सुख-शांति और आपसी भाईचारे की कामना के लिए मनाया जाता है, और यह एक सामाजिक परंपरा भी है जिसमें लोग एक-दूसरे को भुजरिया बाँटकर शुभकामनाएं देते हैं और आशीर्वाद लेते हैं। यह त्यौहार श्रावण माह की पूर्णिमा के बाद मनाया जाता है, और भुजरिया का अर्थ है नई फसल। सुख-समृद्धि का प्रतीकः भुजरिया नई फसल का प्रतीक मानी जाती हैं। इसे एक-दूसरे को देकर लोग धन-धान्य और सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। भुजरिया पर्व आपसी सद्भाव, प्यार और भाईचारे को बढ़ावा देता है, क्योंकि लोग एक-दूसरे को भुजरिया देते हैं और आशीर्वाद लेते हैं।

ऐतिहासिक और पौराणिक महत्वः एक कथा के अनुसार, यह त्यौहार आल्हा-ऊदल के समय से जुड़ा है जब उनकी बहन चंदा ने मायके आकर नगरवासियों ने कजलियों से उनका स्वागत किया था। श्रावण मास में घरों में गेहूं की भुजरिया बोई जाती हैं। रक्षाबंधन के अगले दिन इन भुजरियों की पूजा की जाती है। लोग इन भुजरियों को एक-दूसरे को देकर शुभकामनाएं देते हैं और बुजुर्गों से आशीर्वाद लेते हैं। अंत में, इन भुजरियों को जल स्त्रोतों में विसर्जित किया जाता है।

# प्राचीन नागदेव मंदिर पर हुआ प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



नगर के नेमावर रोड पर बीएसएनएल टावर के पास स्थित प्राचीन नाग देवता स्थल पर सभी नगरवासियों के सहयोग से नवीन मंदिर का निर्माण किया गया। जहां पर तीन दिवसीय नाग देवता की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित किया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें पंडित दीपक त्रिवेदी, नंदकिशोर उपाध्याय,यश उपाध्याय के व्दारा यज्ञ संपन्न कराया गया एवं गुरुवार के दिन पूर्णाहुति के साथ तीन दिवसीय यज्ञ का पुर्ण आहूति के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर विधि विधान से नाग देवता की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। सभी नगरवासियों के सहयोग से मंदिर का निर्माण किया गया एवं नाग देवता प्रतिमा की स्थापना की गई। इस दौरान कलश स्थापना की बोली नंदकिशोर यादव द्वारा 11500 रुपए लेकर कलश स्थापना की गई। सतिश गुर्जर, त्रिलोक चंद जैन, सुरेश यादव द्वारा नाग देवता की प्रतिमा एवं रामनारायण प्रजापत ने मंदिर कलश भेंट किया। समापन अवसर पर शोभाल सिंह पटेल, नरेन्द्र प्रजापत, व्दारा अंतिम दिन यज्ञ में पुर्ण आहूति दी गई।एक दिन पुर्व बुधवार को नगर में भगवान नागदेवता की प्रतिमा को नगर भ्रमण कराया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में नगर विकास चलसमारोह में सम्मिलित हुए। पुर्ण आहूति के साथ सभी नगरवासियों ने मिलकर भंडारे का आयोजन किया गया। नागदेव कि प्रतिमा के प्रथम दर्शन कि बोली 6100 रूपये में इन्द्रनारायण यादव ने लेकर दर्शन किए।प्रतिमा का श्रृंगार कर दर्पण दर्शन कराने के बाद महाआरती की गई। आत्माराम पाटीदार कि ओर से मंदिर में एक बड़ी घंटी भेंट की गई है। इस दौरान बड़ी संख्या में नगरवासियों ने प्रसादी ग्रहण की गई। गणेश पटेल, विकास त्रिवेदी ने बताया कि इस आयोजन के दौरान नागदेवता की सवारी पडियार, जगु वर्मा के शरीर में आई। उक्त आयोजन में नगर घीसाजी सिंह पटेल, सिद्धनाथ पाटीदार, आत्माराम पाटीदार,सालगराम पाटीदार, जितेंद्र पाटीदार,तेजू बागवान, रूप कैलाश यादव, ऋषि प्रजापत ,मांगीलाल यादव,अजय उपाध्याय, जगदीश बैरागी सहित सभी मोहल्ला निवासी एवं नगर वासियों के सहयोग कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# राजस्व भूमि पर अवैध मुरुम खनन, एसडीएम ने की कार्रवाई, ट्रैक्टर और जेसीबी को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आष्टा और जावर तहसील में मुरम की पठारों पर खनन माफिया का कब्जा बढ़ता जा रहा है। दिन-रात अवैध खनन कर शासन को राजस्व का नुकसान पहुंचाया जा रहा है। कुछ दिन पहले हमीदखेड़ी पठार पर खनिज विभाग ने कार्रवाई की थी। इसके बाद भी उत्खनन नहीं रुका। गुरुवार को झीकड़ी गांव में राजस्व विभाग की जमीन पर फिर से जेसीबी से मुरुम और पत्थर का अवैध उत्खनन किया जा रहा था। सूचना मिलने पर एसडीएम नितिन कुमार टाले पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। वहां एक जेसीबी मशीन और मुरम से भरी ट्रैक्टर ट्राली जब्त की गई। एसडीएम ने बताया कि झीकड़ी गांव की शासकीय भूमि, खसरा नंबर में कुल रकबा 0.405 हेक्टेयर पर बिना अनुमति के मुरुम निकाली जा रही थी। जेसीबी का मालिक शकील खां, पिता असद खां, निवासी डेरिया तहसील कन्नौद है। ट्रैक्टर बिना नंबर का था। उसका मालिक जावेद, पिता अशरफ, निवासी सिंगारचौरी है। जब्त की गई जेसीबी और ट्रैक्टर ट्राली को सिद्दीकगंज थाने में खड़ा किया गया है। बताया गया कि आरोपी कई दिनों से इसी स्थान से मुरम का अवैध खनन कर रहे थे। खनिज विभाग की कार्रवाई के बावजूद अवैध खनन पर रोक नहीं लग पा रही है। अधिकारी कभी-कभार ही निरीक्षण के लिए पहुंचते हैं। नगर में कुछ दूरी पर चल रहा अवैध खनन नगर के पास स्थित हमीद खेड़ी पठार पर पिछले कई सालों से अवैध खनन चल रहा है। जिससे पूरी पठार को तहस-नहस कर दिया गया है। यहां के स्थानीय ठेकेदार द्वारा खनिज विभाग के अधिकारियों से मिली भगत होने की वजह से जमकर खनन किया जा रहा है। यहां तक की बिजली हाई टेंशन लाइन को भी नहीं छोड़ा है। उसके आसपास भी खुदाई करके उसको कमजोर किया जा रहा है। एसडीएम निटिन कुमार टाले ने बताया कि सूचना मिली थी कि झिकड़ी गांव में अवैध उत्खनन किया जा रहा है। वहां पहुंचकर जेसीबी तथा ट्रैक्टर जब्त किया है। वहीं जिन स्थानों पर इस तरह से अवैध खुदाई चल रही है उन्हें भी रोका जाएगा।

## निगमायुक्त बने रहेंगे कसेरा, कोर्ट से मिला स्टे

**देवास।** नगर निगम आयुक्त रजनीश कसेरा के स्थानांतरण पर उच्च न्यायालय इंदौर ने स्टे दिया है। फिलहाल आयुक्त कसेरा देवास में बने रहेंगे। बताया जा रहा है कि दस दिन में आयुक्त को कोर्ट के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत करना है। इसके बाद अगला निर्णय होगा। गौरतलब है कि पिछले दिनों आई स्थानांतरण सूची में कसेरा का तबादला नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण इंदौर में संयुक्त संचालक के पद पर हुआ था। उनके स्थान पर देवास नगर निगम आयुक्त के पद पर किसी की पदस्थापना का आदेश जारी नहीं हुए थे, यही स्टे की वजह बना। सूत्रों का कहना है कि आयुक्त ने अभिभाषक के माध्यम से कोर्ट में स्टे के लिए आवेदन लगाया था, जिसमें पारिवारिक कारणों का हवाला दिया था। कोर्ट ने स्टे दिया। मामले में निगमायुक्त कसेरा ने कहा कि अभी स्टे संबंधी जानकारी नहीं है।

# थाना कांटाफोड़ पुलिस ने बिजवाड़ वेयरहाउस में हुई गेहूं की चोरी का किया खुलासा


हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

थाना कांटाफोड़ पुलिस ने बीते दिनों बिजवाड़ वेयरहाउस में हुई गेहूं से भरी बोरियों की चोरी का खुलासा किया हैं। थाना कांटाफोड़ अंतर्गत ग्राम बिजवाड़ निवासी फरियादी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई कि 31 जुलाई को वे निजी कार्य से उज्जैन गए थे। अगले दिन सुबह वेयरहाउस के चौकीदार द्वारा सूचना मिली कि वेयरहाउस में रात में चोरी हो गई है। अज्ञात चोरों द्वारा 50 किलो गेहूं से भरी 45 बोरियां चोरी हो गई हैं । सूचना पर थाने पर अपराध क्रमांक 279/2025 धारा 331(4),305(ए) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी कांटाफोड़ सुरेखा निम्बोदा के नेतृत्व मे विशेष टीम गठित की गई । गठित टीम के द्वारा तकनीकी साक्ष्य,भौतिक साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय किये गये। टीम द्वारा घटनास्थल एवं आसपास के विजवाड़ तथा कन्नौद क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए जिसमें एक संदिग्ध पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 05ज़ेडएफ2186 एवं एक मोटरसाइकिल की पहचान हुई जिनकी मूवमेंट को ट्रेस करते हुए देवास-उज्जैन मार्ग पर लगभग 300 कैमरे चेक किए गए । उक्त वाहन उज्जैन के आगर नाके पर दिखाई दी जिससे वाहन स्वामी की जानकारी प्राप्त कर यह ज्ञात हुआ कि वाहन रितिक पिता गोपाल गौर उम्र 23 वर्ष निवासी चतरखेड़ा सिवनीमालवा होशंगाबाद को बेचा गया था । तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी रितिक को चोरी किए गए गेहूं व पिकअप वाहन सहित सिवनीमालवा से गिरफ़्तार किया गया एवं उसकी निशानदेही पर दूसरा आरोपी भगवत पिता देवकिशन उम्र 40 वर्ष निवासी पिपल्या थाना शाहगंज जिला सीहोर को उज्जैन से गिरफ़्तार किया गया जिसके पास से घटना में प्रयुक्त एचएफ डिलक्स मोटरसाइकिल बरामद की गई ।

### स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर-एसपी ने बैठक की

# कार्यक्रम में किया जाएगा सीएम के संदेश का प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कलेक्टर बालागुरू के. तथा एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने स्वतंत्रता दिवस पर पर गरिमामय आयोजन के संबंध में बैठक आयोजित कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन पूरे हर्षोल्लास, गरिमा और जन सहभागिता के साथ हो। विशेष रूप से युवा वर्ग में देशभक्ति की भावना जागृत करने के उद्देश्य से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाये।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्धारित समय पर सभी कार्यक्रम संपन्न कराने के निर्देश दिए। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का लाइव प्रसारण पूरा होने के बाद जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपने संबोधन में जिले में संचालित फ्लैगशिप योजनाओं, विकास कार्यक्रमों, जिले में आए निवेश, कृषि एवं सिंचाई के क्षेत्र में हुए विकास और अन्य उल्लेखनीय गतिविधियों के बारे में भी नागरिकों को जानकारी देंगे। उन्होंने कहा कि समारोह में लोकतंत्र सेनानियों, दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर सु वंदना राजपूत, एसडीएम तन्मय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाह सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे। इस वर्ष 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला, जिला जनपद और ग्राम पंचायत स्तरीय मुख्यालयों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समय सारणी अनुसार कार्यक्रम प्रातः 9:00 बजे प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण पश्चात राष्ट्रगान का गायन किया जाएगा एवं परेड की सलामी ली जाएगी। जिला स्तरीय समारोह में भोपाल से मुख्यमंत्री के संदेश का सीधा प्रसारण किया जाएगा। इसके बाद 05 मिनिट का संक्षिप्त लिखित बधाई संदेश का वाचन किया जायेगा। कार्यक्रमों में पौधरोपण भी किया जाएगा तथा जिला मुख्यालय पर स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले की सभी जनपद मुख्यालयों पर जनपद अध्यक्षों द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा तथा समारोह में सामूहिक राष्ट्रगान का गायन किया जाएगा। ऐसी नगर पालिका, नगर परिषद जिनका मुख्यालय ब्लाक मुख्यालय पर नहीं है उनमें नगर पालिका, नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद आष्टा, जिला सीहोर, म.प्र.

क्रमांक/956/ई-टेण्डरिंग/तक.शा./न.पा./ 2025 आष्टा दिनांक 07/08/2025

**ई-निविदा औमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत कंसलटेंटो से ऑनलाईन (Online) निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | ऑनलाईन टेंडर नं. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD _442731_1 | स्मार्ट सिटी की तर्ज पर इन्दौर-भोपाल रोड मुख्य द्वार का चौडीकरण एवं सौन्दर्यीकरण डिवाईडर, डेकोरेटिव इलेक्ट्रिक पोल कार्य की विस्तृत कार्य योजना तैयार करना । | 1 माह | 2000/- 10000/- | 14/08/2025 |
| 2. | 2025_UAD _442732_1 | मुख्य मार्ग कन्नौद रोड का चौडीकरण एवं सौन्दर्यीकरण डिवाईडर, डेकोरेटिव इलेक्ट्रिक पोल कार्य की विस्तृत कार्य योजना तैयार करना। | 1 माह | 2000/- 10000/- | 14/08/2025 |
| 3. | 2025_UAD _442733_1 | पार्वती नदी के दोनो किनारे एवं Up Stream/Down Stream के संरक्षण एवं सौन्दर्यीकरण कार्य की विस्तृत कार्य योजना तैयार करना। | 1 माह | 2000/- 10000/- | 4/08/2025 |
| 4. | 2025 UAD _442734_1 | वार्ड क. 18 पार्वती नदी एवं पपनास नदी के संगम घाट के सौन्दर्यीकरण संरक्षण कार्य की विस्तृत कार्य योजना तैयार करना। | 1 माह | 2000/- 10000/- | 14/08/2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कमलेश जैन** प्रभारी लो.नि. विभाग, न.पा. आष्टा
**सिद्धीका बी भूरू, भाई** उपाध्यक्ष न.पा.प. आष्टा
**हेमकुंवर रायसिंह मेवाडा** अध्यक्ष न.पा.प. आष्टा
**विनोद कुमार प्रजापति** मुख्य न.पा. अधिकारी न.पा.प. आष्टा